लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5009

26 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

एन.एम.डी.सी. द्वारा सी.एस.आर. का उपयोग

5009. श्री दिनेश कश्यपः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान अयस्क विकास परियोजना के लिए राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एन.एम.डी.सी.) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) शीर्ष के अंतर्गत खर्च की गई कुल धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) धनराशि का ब्यौरा क्या है और लोक कल्याण कार्यों जिन पर सी.एस.आर. शीर्ष के अंतर्गत खर्च किया गया था, का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान एन.एम.डी.सी. लौह अयस्क परियोजना बेलाडीला और निर्माणाधीन एन.एम.डी.सी. इस्पात संयंत्र परियोजना, नगरनार के कारण कौन से क्षेत्र प्रभावित हुए हैं;

(ग) क्या निर्धारित मानदण्डों के अंतर्गत संपूर्ण/शत प्रतिशत सी.एस.आर. निधि के प्रावधानशुदा का उपयोग कर लिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्थानीय विकास और कल्याण कार्य, यथा- पेयजल, शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, खेल-प्रोत्साहन, कौशल-विकास, गाँवों के एकीकृत विकास इत्यादि पर हुए खर्च का ब्यौरा निम्नवत है:

(राशि लाख रुपए में)

क्र.सं.	वर्ष हेतु सीएसआर खर्च	छत्तीसगढ़ (सीजी)	तेलंगाना राज्य (टीएस) / आंध्र प्रदेश (एपी)	कर्नाटक	मध्यप्रदेश (एमपी)	उत्तर प्रदेश (यूपी)	महाराष्ट्र	अन्य	कुल
1	2014-15	16483.20	20.05	1051.19	241.96	845.17	94.40	128.75	18864.72
2	2015-16	18608.19	232.55	894.79	359.10	776.72	116.88	20.81	21009.04
3	2016-17	15581.61	334.34	1188.52	304.66	0.00	0.00	9.17	17418.30

बैलाडिला परियोजनाओं और एनएमडीसी के लोहा एवं इस्पात संयंत्र, नगरनार के कारण कोई क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

क्रम सं.	**वित्तीय वर्ष**	**पूर्व 3 वर्षों के औसत पीबीटी का 2% दर से खर्च होने वाली अपेक्षित राशि (करोड़ रुपये में)**	**सीएसआर खर्च (करोड़ रुपये में)**
01	2014-15	199.89	188.65
02	2015-16	193.28	210.09
03	2016-17	160.22	174.18

******